JAIPUR METRO

# जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020

**E-mail:**pro@jaipurmetrorail.in; **Phone No:** 0141-2822760

---

2026/08/435–प्रेस विज्ञप्ति　　　　　　　　　　दिनांकः 15.08.2026

## देश के 80वें स्वाधीनता दिवस पर

## मानसरोवर डिपो स्थित प्रशासनिक भवन में किया गया ध्वजारोहण।

जयपुर 15 अगस्त। जयपुर मेट्रो प्रांगण में स्वाधीनता दिवस समारोह का आयोजन बहुत ही हर्षोल्लास व गौरव के साथ आयोजित किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री वैभव गालरिया द्वारा झंडारोहण किया गया तथा आजादी के शहीदों को नमन करते हुए स्वाधीनता दिवस की शुभकामनाएं दी। इस दौरान कार्यक्रम में सभी निदेशकगण, अधिकारीगण, मेट्रो पुलिस एवं समस्त कार्मिक उपस्थित रहें।

अंत में मुख्य अतिथि श्री वैभव गालरिया ने बताया कि हमें गर्व है कि देश के संविधान का पालन करते हुए हम सभी जयपुर मेट्रो को एक आत्मनिर्भर, विकसित उपक्रम और जयपुर को शहरी यातायात की दृष्टि से आधुनिक एवं सुविधा सम्पन्न शहर बना रहे हैं। हमें यह दृढ़ आशा है कि जयपुर मेट्रो आगामी दिनों में और भी उन्नति की ओर बढ़ती रहेगी और हमारे जयपुर शहर को गौरवान्वित करती रहेगी।

जय हिन्द! वन्दे मातरम्

जनसंपर्क अधिकारी
जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन